कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामगोपाल शर्मा पुत्र श्री नारायणलाल बिल्डिंग नं0 33 फ्लेट नं0 एफ–2 बालाजी रेजीडेन्सी–1 सनराईजसिटी निवारू जयपुर 302012। .

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा व अन्य

अपील सं0 15/2020

<u>निर्णय</u> दिनांक : 02.07.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी,(अति0जिला कलेक्टर) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। किन्तु प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं होने से अपीलांट द्वारा यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा एवं प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलेक्ट्रेट दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/954–955 दिनांक 18.03.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु लॉकडाउन के कारण कार्यवाही लम्बित रहने के पश्चात आज पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा ने अपने पत्रांक 331 दिनांक 20.03.2020 के द्वारा अवगत करवाया है कि आवेदक द्वारा चाही गई लोक सूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी, (भू–अभिलेख) कलेक्ट्रेट, दौसा से संबंधित होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के अन्तर्गत पत्रांक 73 दिनांक 29.01.2020 द्वारा चाही गई सूचना भिजवाने हेतु स्थानान्तरित किया गया। प्रभारी अधिकारी, (भू–अभिलेख) कलेक्ट्रेट, दौसा द्वारा वांछित सूचना तहसीलदार नांगल राजावतान से संबंधित होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के अन्तर्गत पत्रांक 823 दिनांक 04.02.20 द्वारा स्थानान्तरित किया गया। तहसीलदार भू0अ0 नांगल राजावतान द्वारा पत्रांकः भू0अ0/2020/3924 दिनांक 17.02.2020 द्वारा आवेदक को उनके कार्यालय मे उपलब्ध सूचना के संबंध मे अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official